NYC Housing Connect

आय निर्देशिका

किफ़ायती मकान के लिए आवेदन करना:

# आवेदनकर्ता आय मार्गदर्शिका



## इस मार्गदर्शिका के बारे में

किफ़ायती मकान आवेदन में आपकी ***आय*** एक महत्वपूर्ण भाग है।

यह मार्गदर्शिका आपको बताती है कि किफ़ायती मकान के लिए आपकी आय किस प्रकार ज्ञात की जाती है।

यह मकान आवेदन नहीं है। यह इस बात की गारंटी नहीं देता कि आपको घर मिलेगा या नहीं। लेकिन यह आपकी आय के बारे में सटीक जवाब देने में सहायता करता है।

अगर आप ***अपनी योग्यता की पुष्टि करने के लिए समय लेने हेतु*** आमंत्रित किए गए हैं, तो आपको आवेदन पर दी गई सारी जानकारी की पुष्टि के लिए दस्तावेज़ लाने होंगे।

***बोल्ड इटालिक*** वाले शब्द पृष्ठ 10 पर "उपयोगी शब्द" के अंतर्गत बताए गए हैं।

**अंदर:**


**आय क्या है?** ____ 2
**आय में क्या शामिल होते हैं?** ____ 3
**रोज़गार से प्राप्त आय** ____ 4
**स्व-रोज़गार से प्राप्त आय** ____ 5
**अन्य स्रोतों से आय** ____ 7
**आय शामिल नहीं** ____ 8
**अक्सर पूछे जाने वाले सवाल** ____ 9
**उपयोगी शब्द** ____ 10


*डिस्क्लेमर: यह दस्तावेज़ केवल सामान्य जानकारी प्रदान करने के लिए है। विषयवस्तु HUD ऑक्यूपेंसी हैंडबुक 4350.3 और HPD व HDC के विपणन दिशानिर्देशों पर आधारित है। आय के उदाहरण सभी संभावित वित्तीय परिस्थितियों की व्याख्या नहीं करते हैं।*

# आय क्या है?

**क्या आपकी आय के स्रोत...**

- एक नौकरी या एक से अधिक नौकरी हैं?
- स्व-रोज़गार है?

  *उदाहरण: टैक्सी ड्राइवर, हेयर स्टाइलिस्ट, फ़्रीलांस आर्टिस्ट*
- ***नियमित तौर*** पर, अन्य स्रोत?

  *उदाहरण: शिशु सहायता, बेरोज़गारी लाभ, पूरक सुरक्षा आय (SSI), पेंशन*

यह राशि आपकी ***आय*** है। ***किफ़ायती मकान*** के लिए आवेदन देने हेतु आपकी आय कितनी होनी चाहिए यह जानना आपके लिए आवश्यक होगा।

**आय परिकलित करने के चरण:**

**1** **अपनी आय के सभी स्रोतों की पहचान करना।**



**रोज़गार** से प्राप्त आय (पृष्ठ 4)



**स्व-रोज़गार** से प्राप्त आय (पृष्ठ 5)



**अन्य स्रोतों** से आय(पृष्ठ 7)

**2** **वेतन को वार्षिक आय में बदलें।***



कर और अन्य कटौतियों से पहले नियोक्ता से प्राप्त घंटे के अनुसार वेतन



***भुगतान स्टब पर सकल आय*** (साप्ताहिक, पाक्षिक आदि के अनुसार भुगतान)

**स्व-रोज़गार से अर्जित आय को ***निवल आय*** माना जाना चाहिए, क्योंकि यह वह राशि होती है जो कर और कटौतियों के बाद बचती है।*

**3** **अपनी कुल *वार्षिक आय* का पता लगाने के लिए सभी स्रोतों से प्राप्त आय को जोड़ दें।**

**कई तरीके हैं जिनसे आपको आय प्राप्त हो सकती है।**

कुछ उदाहरण:
- हर पाक्षिक के बाद वेतन
- हर शिफ्ट में नकद टिप्स
- शिशु सहायता, पेंशन या बेरोज़गारी लाभ जैसे किसी भी प्रकार के साप्ताहिक या मासिक भुगतान
- प्रतिवर्ष अवकाश बोनस

**आय को अलग-अलग नामों से जाना जाता है।**

कुछ उदाहरण:
- वेतन
- मज़दूरी
- आय
- भुगतान

ये सभी राशियां ***आय*** हैं। अपने किफ़ायती मकान आवेदन में इसे शामिल करना होगा। अगर आप किफ़ायती मकान के लिए ***अपनी योग्यता की पुष्टि करने हेतु समय*** लेने जाते हैं तो आपको अपनी आय की पुष्टि करने के लिए दस्तावेज़ों की ज़रूरत पड़ेगी।

**याद रखें**

इस मार्गदर्शिका में, आपको ***बोल्ड इटालिक*** शब्दों के बारे में अधिक जानकारी पृष्ठ 10 पर "उपयोगी शब्द" के अंतर्गत मिलेगी।

**आय में क्या शामिल होते हैं?**

# आय में क्या शामिल होते हैं?

**किफ़ायती मकान आवेदन पर 3 प्रकार की आय होती है।**

## 1. रोज़गार से प्राप्त आय



नियोक्ता द्वारा आपको दिए जाने वाले पैसे। इसमें टिप्स, बोनस, ओवरटाइम और अन्य प्रकार के भुगतान शामिल हैं। अगर आपको W-2 टैक्स फ़ॉर्म मिलता है, तो वह राशि ***रोज़गार से प्राप्त आय*** होती है।

आवेदन पर कर या कटौतियों से पहले प्राप्त राशि को शामिल करें (***सकल आय***).

**उदाहरण के लिए:**

- वार्षिक वेतन
- नकद सहित ***नियमित तौर*** पर भुगतान की जाने वाली मज़दूरी
  *उदाहरण: साप्ताहिक • हर 2 सप्ताह में • महीने में दो बार • मासिक*
- ***नियोक्ता के लिए समसामयिक या प्रासंगिक*** काम करना
  *उदाहरण: कैटरिंग कंपनी के लिए सप्ताह के आखरी दिनों में की जाने वाली नौकरी • अस्पताल या एजेंसी के लिए दैनिक स्वास्थ्य नौकरियां*
- कभी-कभी किया जाने वाला काम
  *उदाहरण: अवकाश के समय रिटेल • रूफ़िंग कंपनी के लिए गर्मी के दिनों के काम*
- टिप्स
- अवकाश भुगतान
- ओवरटाइम
- नियमित तौर पर मिलने वाले बोनस और कमिशन

---

## 2 स्व-रोज़गार से प्राप्त आय



पूरे वर्ष के दौरान ख़ुद के लिए काम करके, फ़्रीलांसिंग करके या स्वतंत्र ठेकेदार के रूप में काम करके अर्जित कुल आय।


आवेदन में, व्यवसाय ख़र्चों और अन्य कटौतियों के बाद बची आय को शामिल करें (***निवल आय***)।

**उदाहरण के लिए:**

- आपके टैक्स रिटर्न पर "व्यावसायिक आय (या हानि)"
- स्वयं के व्यवसाय से प्राप्त आय
- फ़्रीलांसिंग
  *उदाहरण: क्लाइंट से प्रत्यक्ष तौर पर भुगतान प्राप्त करने वाले लेखक या कलाकार*
- स्वतंत्र ठेकेदार या सलाहकार होना
- स्वतंत्र सेवा प्रदाता होना
  *उदाहरण: टैक्सी ड्राइवर जिसके पास ख़ुद की या किराए की टैक्सी हो • सैलून में किराया देकर काम करने वाला हेयर स्टाइलिस्ट*
- ख़ुद के लिए सामयिक या कभी-कभी काम करना
  *उदाहरण: मालिक द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान प्राप्त करने वाले सफ़ाईकर्मी • गर्मी के दिनों में ख़ुद का कैटरिंग व्यवसाय चालू करना*

---

## 3. अन्य स्रोतों से आय



वर्ष के दौरान नियमित तौर पर प्राप्त होने वाली सभी राशियां। लेकिन ये राशियां कार्य से नहीं प्राप्त होती हैं। उदाहरण के लिए: शिशु सहायता, बेरोज़गारी बीमा या ब्याज भुगतान।

आवेदन पर अन्य स्रोतों से प्राप्त आय को तभी शामिल करने जब आप उसे ***नियमित तौर*** पर (साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक अदि) प्राप्त कर रहे हों।

**उदाहरण के लिए:**

- निर्वाह निधि
- वार्षिकी भुगतान
- सशस्त्र बल रिज़र्व
- शिशु सहायता
- लाभांश
- दिव्यांग बीमा
- ***उपहार आय***
- ***संपत्तियों से ब्याज***
- पेंशन
- सार्वजनिक सहायता (Public Assistance, PA)
- किराया संपत्ति आय
- सामाजिक सुरक्षा या SSI
- बेरोज़गारी लाभ
- कल्याण सहायता
- कर्मचारियों का मुआवज़ा

रोज़गार से प्राप्त आय

# 1. रोज़गार से प्राप्त आय



***रोज़गार से प्राप्त आय वह राशि*** होती है जो आप किसी नौकरी द्वारा अर्जित करते हैं। यह वह राशि होती है जो नियोक्ता आपको बिना किसी कर कटौती के आपको देता है (***सकल आय***). अपने आवेदन पर पूरे वर्ष की आय शामिल करें (***वार्षिक आय***).अपने ख़ुद के व्यवसाय से अर्जित राशि को आय में शामिल करने के बारे में जानने के लिए पृष्ठ 5 पर "स्व-रोज़गार से प्राप्त आय" पर जाएं।

**क्या आप या आपके साथ रहने वाले किसी भी व्यक्ति की आय...?**

- ☐ वार्षिक आय है
- ☐ घंटे अनुसार, दैनिक या साप्ताहिक है
- ☐ नकद में भुगतान प्राप्त करता है
- ☐ टिप्स
- ☐ ***नियोक्ता के लिए*** समसामयिक या प्रासंगिक काम करना
  *उदाहरण: कैटरिंग कंपनी के लिए काम करता है • अस्पताल या एजेंसी के लिए दैनिक स्वास्थ्य नौकरियां*
- ☐ कभी-कभी किया जाने वाला काम
  *उदाहरण: अवकाश के समय रिटेल • रूफ़िंग कंपनी के लिए गर्मी के दिनों के काम*
- ☐ अवकाश भुगतान, ओवरटाइम, बोनस या कमिशन प्राप्त करता है

ये सभी ***रोज़गार से प्राप्त आय के स्रोत हैं।*** इनमें से किसी के लिए भी अगर आप हां कहते हैं, तो इन राशियों को अपने आवेदन के "रोज़गार से प्राप्त आय" भाग में शामिल करें।

**वार्षिक आय कैसे ज्ञात करें**

यह ज़रूरी है कि आप अपनी आय को वार्षिक रूप में पेश करें। अगर आपको नियमित तौर पर (साप्ताहिक, पाक्षिक, महीने में दो बार आदि) भुगतान प्राप्त होता है, तो आपको अपनी वार्षिक आय ज्ञात करने के लिए ये महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए।

*ध्यान दें: अगर आप NYC हाउसिंग कनेक्ट (NYC Housing Connect) में आवेदन करते हैं, तो आपको यह परिकलन करने की ज़रूरत नहीं है। आप जैसे ही अपनी प्रोफ़ाइल में आय जानकारी भरते हैं, तो यह अपने आप हो जाता है।*



**विकल्प 1: प्रति घंटे की मज़दूरी को वार्षिक आय में बदलें:**

1 घंटे के लिए आपको मिलने वाला **$**

1 सप्ताह में आप लगभग **# घंटे** काम करते हैं

**X** 1 वर्ष में आप लगभग **# सप्ताह** काम करते हैं

**= वार्षिक आय**



**विकल्प 2: नियमित तौर पर भुगतान की जाने वाली मज़दूरियों को वार्षिक आय में बदलें।**

आपको कितनी बार भुगतान मिलता है?


- **हर सप्ताह:**
  हर सप्ताह में $ का भुगतान x 52 = वार्षिक आय
- **हर 2 सप्ताह में:**
  हर 2 सप्ताह में $ का भुगतान x 26 = वार्षिक आय
- **महीने में दो बार:**
  महीने में दो बार $ का भुगतान x 24 = वार्षिक आय
- **महीने में एक बार:**
  प्रति महीने $ का भुगतान x 12 = वार्षिक आय

**याद रखें**

रोज़गार से प्राप्त आय वह होनी चाहिए जो करों और अन्य कटौतियों से <u>पहले</u> प्राप्त होती है। (इसे ***सकल आय***कहते हैं)। पूरे वर्ष के लिए आपको हर नियोक्ता से प्राप्त सकल आय शामिल करनी चाहिए।

**स्व-रोज़गार से प्राप्त आय**

# 2. स्व-रोज़गार से प्राप्त आय



***स्व-रोज़गार से प्राप्त आय*** वह कुल राशि होती है जो आप किसी एक वर्ष में ख़ुद के लिए काम करके, फ़्रीलांसिंग करके या स्वतंत्र ठेकेदार के रूप में अर्जित करते हैं। अपने आवेदन पर पूरे वर्ष की राशि में से व्यवसाय ख़र्चों को घटाने के बाद की राशि दर्ज करें (***निवल आय***). अगर आप हर वर्ष एक समान आय अर्जित नहीं करते हैं, तो अगले पृष्ठ "स्व-रोज़गार से वार्षिक आय का अनुमान लगाना" पर जाएं।

**क्या आप या आपके साथ रहने वाला कोई भी व्यक्ति...?**

- ☐ 1099 टैक्स फ़ॉर्म प्राप्त करता है
- ☐ ख़ुद का व्यवसाय करता है
- ☐ स्वतंत्र सेवा प्रदाता के रूप में काम करता है
  *उदाहरण: टैक्सी ड्राइवर जिसके पास ख़ुद की या किराए की टैक्सी हो। • सैलून में किराया देकर काम करने वाला हेयर स्टाइलिस्ट*
- ☐ फ़्रीलांसिंग करता है
  *उदाहरण: कलाकार, लेखक या ग्राफ़िक डिज़ाइनर के रूप में क्लाइंट से प्रत्यक्ष भुगतान प्राप्त करता है*
- ☐ सलाहकार या स्वतंत्र रूप से कार्य करता है ठेकेदार
  *उदाहरण नीचे हैं*
- ☐ <u>ख़ुद के लिए</u> कभी-कभी काम करना?
  *उदाहरण: मालिक द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान प्राप्त करने वाले सफ़ाईकर्मी • परिवार से प्रत्यक्ष भुगतान प्राप्त करने वाली दाई (बेबीसिटर) • गर्मी के दिनों में ख़ुद का कैटरिंग व्यवसाय चालू करना*

ये सभी ***स्व-रोज़गार से प्राप्त आय*** के स्रोत हैं। इसमें से किसी के लिए भी अगर आप हाँ कहते हैं, तो आवेदन के नियोक्ता वाले भाग में "स्वयं" दर्ज करें और निवल आय राशि बताएं।

**स्व-रोज़गार से निवल आय किस प्रकार ज्ञातरें**

1. एक वर्ष के दौरान आपके व्यवसाय में आने वाले कुल राशी को ज्ञात करें | (आपके 1099 टैक्स फार्म पर यह "सकल प्राप्तिया" है।)
2. व्यवसाय में होने वाले ख़र्चों और अन्य कटौतियों को उसमें से घटा दें।
3. यह आपकी ***स्व-रोज़गार से प्राप्त निवल आय*** है।



**स्वतंत्र ठेकेदार क्या होता है?**

***स्वतंत्र ठेकेदार*** वह होता है जिसे अन्य लोग ज़रूरत पड़ने पर किसी विशेष प्रकार के काम के लिए बुलाते हैं। सामान्यतः ठेकेदार और उसे बुलाने वाले व्यक्ति के बीच अनुबंध होता है।

**उदाहरण: पेंटर निकोल**

निकोल एक पेंटर है और ***स्वतंत्र ठेकेदार*** के रूप में काम करती है। उसके पास ख़ुद के पेंट ब्रश, सीढ़ियां और अन्य सामान हैं और लोग उसे अपने घरों को पेंट करने के लिए बुलाते हैं। पेंटिंग का काम शुरू करने से पहले वे इस बात पर सहमत होते हैं कि उसे प्रति घंटे के हिसाब से कितने पैसे मिलेंगे और अनुबंध करते हैं। काम पूरा करने के बाद निकोल सामने वाले व्यक्ति को पेंट करने में लगे कुल घंटे के बारे में बताती है और बदले में वह व्यक्ति उसे चेक या नकद देता है।

**याद रखें**


आवेदन पर स्व-रोज़गार से प्राप्त आय वह होनी चाहिए जो कि व्यवसाय और अन्य ख़र्चों को सकल आय में से घटाने के **<u>बाद</u>** प्राप्त होती है। इसे ***निवल आय*** कहते हैं।

### स्व-रोज़गार से वार्षिक आय का अनुमान लगाना

आप स्व-रोज़गार से हर वर्ष एक समान आय प्राप्त नहीं कर सकते हैं। कोई बात नहीं। इन चरणों का उपयोग स्व-रोज़गार से वार्षिक आय का अनुमान लगाने के लिए करें।

1. इस प्रकार के स्व-रोज़गार के लिए आपको लगातार 3 वर्षों के टैक्स रिटर्न की आवश्यकता होगी।
   - *अगर आपके पास 3 वर्षों की जानकारी नहीं है, तो कम-से-कम लगातार 2 वर्षों की जानकारी दिखाएं।*
2. टैक्स रिटर्न पर निवल लाभ राशियों को देखें।
   - *टैक्स रिटर्न में लाइन 12 "व्यावसायिक आय (या हानि)" देखें।*
   - *शेड्यूल C फ़ॉर्म में लाइन 31 "निवल लाभ (या हानि)" देखें।*
3. क्या आपको लगता है कि आपकी आय इस वर्ष भी उतनी ही होगी जितनी कि पिछले वर्ष थी? अगर हाँ, तो औसत आय परिकलित करें और उसे आवेदन में शामिल करें। (औसत आय परिकलित कैसे करें यह जानने के लिए नीचे देखें)
4. क्या आपको लगता है कि आपकी इस वर्ष की आय पिछले वर्ष की आय से अलग होगी? अगर हाँ, इस वर्ष की अनुमानित आय को शामिल करें।
5. जिस वर्ष आपको हानि होती है उस वर्ष के लिए $0.00 का उपयोग करें। ऋणात्मक संख्या का उपयोग न करें। अधिक जानकारी के लिए नीचे "औसत के बारे में" देखें।
6. इस बात का ध्यान रखें कि पिछले वर्षों (टैक्स रिटर्न) की आय और इस वर्ष (आपके अकाउंटेंट या व्यवसाय प्रबंधक द्वारा जारी पत्र, वित्तीय विवरण, बजट, रसीद या अन्य जानकारी) की होने वाली आय दिखाने के लिए आपके पास दस्तावेज़ हों।

**उदाहरण: डेविड की केटरिंग**



डेविड सप्ताह के दौरान सरकार के लिए कार्य करता है परंतु कुछ वर्ष पहले उसने अतिरिक्त धन कमाने के लिए गर्मी के सप्ताहांतों पर केटरिंग व्यवसाय भी प्रारम्भ किया। व्यवसाय आगे बढ़ रहा है।

डेविड का व्यवसाय प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष के मुक़ाबले थोड़ा अधिक धन कमाता है:

- 3 वर्ष पूर्व, व्यवसाय स्थापित हुआ $5,000.00
- 2 वर्ष पूर्व, इसने $7,000 कमाए।
- पिछले वर्ष, इसने $9,000 कमाए।

पिछले 3 वर्षों के रुझान के आधार पर, डेविड इस वर्ष केटरिंग से $11,000 कमाने की अपेक्षा कर रहा है। उसे उस आवेदन पर $11,000 लगाने चाहिए जहां वह अपनी स्व-रोजगार आय आरंभ करता है। यह उस वेतन के अतिरिक्त है जो वह सरकारी नौकरी में अर्जित करता है।

### औसत के बारे में

अगर आपको लगता है कि आपकी इस वर्ष की आय भी उतनी ही होगी जितनी कि पिछले 3 वर्षों में थी तो उन वर्षों की औसत आय निकालकर अपने आवेदन में दर्ज करें।

इसे ऐसे करें:

1. पिछले लगातार 2 या 3 वर्षों के अपने टैक्स रिटर्न पर निवल लाभ का पता लगाएं।
2. उन सभी राशियों को जोड़ दें।
   - *क्या इनमें से कोई राशि ऋणात्मक है (उदाहरण: $ - 924.00)? यदि हां, तो इसके बजाय उस वर्ष के लिए $0.00 का उपयोग करें।*
3. जितनी आय राशि से आपने प्रारम्भ किया उससे उस संख्या को भाग दें।
   - *यदि आपके पास **3** वर्ष से राशि हैं, औसत प्राप्त करने के लिए संख्या को 3 भाग दें।*
   - *यदि आपके पास **2** वर्ष से राशि हैं, औसत प्राप्त करने के लिए संख्या को 2 भाग दें।*
4. आपके आवेदन पत्र के "स्व-रोजगार से आय" भाग में औसत प्रविष्ट करें।

**अन्य स्रोतों से आय**

# 3. अन्य स्रोतों से आय



आप या वे लोग जिनके साथ आप रहते हैं, हो सकता है कि उनकी आय नौकरी या स्व-रोजगार से नहीं आती हो। यदि आप यह ***अन्य स्रोतों से आय नियमित आधार*** पर प्राप्त करते हैं, तो आपको इसे अपने आवेदन में भी अवश्य शामिल करना चाहिए।

**क्या आप या उन लोगों में से कोई जिनके साथ आप रहेंगे,... से नियमित आधार पर आय प्राप्त करते हैं?**
*ध्यान दें: 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से आय सहित।*

- ☐ निर्वाह निधि
- ☐ वार्षिकी भुगतान
- ☐ सशस्त्र बल रिज़र्व
- ☐ शिशु सहायता*
- ☐ दिव्यांग बीमा
- ☐ वितरक
- ☐ लाभांश
- ☐ ***उपहार***
  - ➤ *उदाहरण अगले पृष्ठ पर हैं*
- ☐ ***संपत्तियों से ब्याज*** (जैसे बैंक खाते या अन्य निवेश)
  - ➤ *अधिक जानकारी पृष्ठ 10 पर है, "उपयोगी शब्द"*
- ☐ पेंशन
- ☐ सार्वजनिक सहायता (PA)**
- ☐ किराए की संपत्ति
  - ➤ *किराए की संपत्ति से निवल आय का उपयोग करें*
- ☐ सामाजिक सुरक्षा या SSI
  - ➤ *कटौतियों से पहले, प्रत्येक माह के लिए पूर्ण राशि का उपयोग करें*
- ☐ बेरोज़गारी लाभ
- ☐ कर्मचारियों का मुआवज़ा

ये ***अन्य स्रोतों से आय*** के उदाहरण हैं। यदि आप अपने आवेदन के भाग "अन्य स्रोतों से आय" में राशि सहित इनमें से किसी के लिए "हां" कहते हैं।

**याद रखें**

- ***अन्य स्रोतों से आय*** सहित केवल यदि आप इसे ***नियमित आधार*** (जैसे साप्ताहिक, प्रत्येक दो सप्ताह, मासिक या वार्षिक) पर प्राप्त करते हैं। ***एक-समय भुगतान को*** सम्मिलित न करें।
- आवेदन पर, धन की राशि सहित आप प्रत्येक स्रोत से पूरे वर्ष में प्राप्त करेंगे। यदि आप पूरे वर्ष भुगतान प्राप्त नहीं करते तो भी यह करें।
  *उदाहरण के लिए: आप प्रत्येक सप्ताह बेरोजगारी भुगतान प्राप्त करते हैं, परंतु आप जानते हैं कि भुगतान कुछ महीनों में समाप्त हो जाएंगे। कुल राशि को शामिल करें जो आप एक वर्ष में प्राप्त करेंगे यदि भुगतान समाप्त नहीं होने जा रहे। नियमित भुगतानों से वार्षिक आय की गणना कैसे करें सीखने के लिए पृष्ठ 4 पर जाएं।*



** क्या आपको कोर्ट-आदेशित बाल समर्थन और जन सहायता (PA) प्राप्त होती है? भुगतान किए गए बाल समर्थन की पूर्ण राशि सम्मिलित करना सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए, यदि आप "पास-थ्रू" भुगतान प्राप्त करते हैं तो भुगतान किए गए बाल समर्थन की पूरी राशि उस राशि से भिन्न हो सकती है जो आप प्रत्येक माह प्राप्त करते हैं।*

*** आपकी जन सहायता आय की गणना "भुगतान किए गए" स्थानों के लिए नियमों के अनुसार की जाएगी। यदि आप अपनी **पात्रता पुष्टि के लिए नियुक्ति** पर जाते हैं तो, डेवलपर या मार्केटिंग एजेंट यह गणना करने के लिए आपके सभी दस्तावेज़ों को देखेगा।*

**उपहार आय क्या है?**

यदि वे लोग जो आपके साथ नहीं रहते आपको धन देते हैं या ***नियमित आधार*** पर आपके बिलों का भुगतान करने में सहायता करते हैं, यह ***उपहार आय* है।** आपको इसे अपनी आय गणना में अवश्य शामिल करना चाहिए।




**उदाहरण:**

- आपके अभिभावक प्रत्येक माह आपके बिजली के बिल का भुगतान करते हैं और यह औसतन प्रति माह लगभग $100 होता है। आपको अपने आवेदन पर अपनी आय में प्रति माह $100 अवश्य सम्मिलित करने चाहिए।
- आपके दोस्त या रिश्तेदार आपको आपके खर्चों में आपकी मदद करने के लिए हर हफ्ते $20 देते हैं। आपको अपने आवेदन पर अपनी आय में हर सप्ताह $20 अवश्य शामिल करने चाहिए।

आदि आपको ***आपकी पात्रता पुष्टि के लिए नियुक्ति*** हेतु आमंत्रित किया जाता है, आपको यह सिद्ध करने के लिए दस्तावेजों की आवशयकता होगी कि आप नियमित आधार पर यह उपहार प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए, सुनिश्चित करें कि आप अपने बैंक खाते में तुरंत नगद भुगतान जमा करते हैं ताकि आपका बैंक विवरण यह दर्शाए कि आप नियमित रूप से भुगतान कर रहे हैं। आप रद्द चेकों कि प्रतियों से सिद्ध कर सकते हैं कि कोई व्यक्ति आपके बिलों का भुगतान करता है।

*ध्यान दें: निम्नलिखित आय उपहार आय <u>नहीं</u> हैं तथा इसे आपकी आय गणना में शामिल नहीं करना चाहिए: (1) आपके घर में बच्चों के लिए किराने के उपहार, (2) निःशुल्क या कम किए स्कूल लंच का मूल्य, या (3) बुजुर्ग या जरूरतमंदों को प्रदान किए भोजन का मूल्य।*

# आय शामिल नहीं



**आय में क्या शामिल किया जाए इसके कई अपवाद हैं:**

- 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए रोजगार से आय
- 18 वर्ष से अधिक आयु के पूर्ण-कालिक निर्भर ***विद्यार्थी*** द्वारा अर्जित $480 से अधिक कोई भी आय
- एकमुश्त भुगतान
  *उदाहरण: बीमा भुगतान • उत्तराधिकार*
- एक-बार, गैर-आवर्ती, या छोटीमोटी आय ***(एक-बार उपहारों सहित)***
- चिकित्सा खर्चों के लिए भुगतान या प्रतिपूर्ति
- बच्चों के पोषण की देखभाल के लिए भुगतान
- विद्यार्थी या शैक्षणिक संस्थान को भुगतान की गई विद्यार्थी सहायता
- फूड स्टेम्प या SNAP का डॉलर मान
- आपके घर में बच्चों के लिए किराने के उपहार
- निःशुल्क या कम किए स्कूल लंच का मूल्य
- बुजुर्गों या जरूरतमंदों को प्रदान किए भोजन का मूल्य

**इन आइटमों को अपनी आय गणना में शामिल न करें।**

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

# अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

**रोज़गार से प्राप्त आय**

**मुझे अपनी *वार्षिक आय*का हिसाब लगाने की जरूरत क्यों है? क्या मैं वही नहीं डाल सकता जो मेरे पिछले वर्ष का है?**

आप और वे लोग जिनके साथ आप रहते हैं इस आधार पर ***योग्य*** होंगे कि आप भविष्य में कितना धन कमाते हैं। पिछले वर्ष के कर दस्तावेज़ देखना अच्छा है लेकिन यह काफी नहीं है। हर वर्ष भिन्न होता है। इसलिए वह राशि जो आपने वर्तमान मे कमाई है उसे अवश्य दर्ज करें तथा कितनी जल्दी उसका भुगतान आपको होता है। इसलिए भी आपको वे बोनस जो आप ***नियमित आधार पर*** प्राप्त करते हैं या प्राप्त करने की अपेक्षा रखते हैं और ***अन्य स्रोतों से आय*** को अवश्य शामिल करना चाहिए।

**मेरी वयस्क पुत्री पूर्णकालिक विद्यार्थी है जो स्कूल के बाद काम करती है। क्या उसकी आय शामिल की गई है?**

यदि 18 वर्ष से अधिक आयु के पूर्ण-कालिक विद्यार्थी को अभिभावकों या संरक्षकों द्वारा निर्भर घोषित किया जाता है, ***रोजगार से उसकी आय*** का केवल $480 ही शामिल किया जाता है।

**मुझे नगद में भुगतान किया जाता है। मैं इसे अपनी आय कैसे सिद्ध कर सकता हूँ?**

अपनी नगद आय का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। हर बार आपको नगद में भुगतान प्राप्त होने पर, धन की राशि, तिथि और किसने आपको भुगतान किया लिखें। नगद भुगतान के इस रिकॉर्ड को किसी सुरक्षित स्थान पर रख ले।

यदि आपके पास कोई बैंक खाता है, तो तुरंत नगद को जमा कराएं। ऐसा इसलिए है ताकि बैंक रिकॉर्ड रख सके कि आपको नियमित रूप से भुगतान प्राप्त हो रहा है या नहीं। यदि आपको बैंक से दोबारा धन निकालने की आवश्यकता है, तो कोई बात नहीं। आपका बैंक विवरण अभी भी जमा राशि दिखाएगा।

याद रखें: यदि आपको एक निश्चित राशि से अधिक नगद आय प्राप्त होती है, तो आपको अपने टैक्स रिटर्न में भी रिपोर्ट करना चाहिए। आपके टैक्स फॉर्म में यह होगा कि वह राशि क्या है।

**मुझे *यदाकदा या कभी-कभी* भुगतान प्राप्त होता है। मैं अपनी आय की गणना कैसे करूँ।**

यदि आपको ***नियमित आधार*** पर भुगतान प्राप्त नहीं होता है तो आपको वार्षिक आय की गणना करना मुश्किल हो सकता है। अतिरिक्त धन कमाने के लिए कुछ सप्ताहांतों तक कैटरर के लिए कार्य करने पर, प्रतिदिन स्वास्थ्य देखभाल कार्य, अस्थायी कार्य और कार्यकारी कार्य यदाकदा या कभी-कभी कार्य का उदाहरण हो सकते हैं, जो आप एक नियोक्ता के लिए करते हैं।

क्या आप पिछले 3 वर्षों से अधिक से सामयिक या कभी-कभी आधार पर आय अर्जित कर रहे हैं? यदि हाँ, पूरे तीन वर्षों की कमाई गई राशि को जोड़कर 3 से भाग दें। यह संख्या उस कार्य से आपकी औसत वार्षिक आय है। फिर अनुमान लगाएँ कि इसी प्रकार के कार्य से इस वर्ष आप कितना कमा लेंगे। अपनी वार्षिक औसत से उस संख्या की तुलना करें। कौन सा अधिक है? अपने आवेदन पत्र के "रोजगार से आय" खंड में अधिक वाली संख्या का प्रयोग करें।

**क्या होता है यदि आवेदन करने के बाद मेरी आय में बदलाव होता है और तब मुझे मेरी घर की पात्रता *पुष्टि के लिए नियुक्ति के लिए आमंत्रित किया जाता है*?**

आपकी अभी की आय की पुष्टि करने वाले समस्त दस्तावेज़ और रिकॉर्ड रखें। यदि आपकी आय में बदलाव होता है (उदाहरण के लिए, एक नई नौकरी या बढ़ोतरी), तो आप भविष्य में कितना अर्जित करेंगे यह दर्शाने वाले दस्तावेज़ भी लाएँ। डेवलपर या मार्केटिंग एजेंट आपकी आय की दोबारा गणना करेंगे।

**स्व-रोज़गार से प्राप्त आय**

**मुझे सस्ते आवास के लिए *मेरी घर की योग्यता पुष्टि करने के लिए नियुक्ति के लिए* आमंत्रित किया गया है। मुझे अपनी स्व-रोजगार आय पुष्टि के लिए किन दस्तावेज़ों की आवश्यकता होती है?**

आपको यह पुष्टि करने की आवश्यकता होगी कि आपने इस प्रकार के कार्य से पूर्व में कितना कमाया और इस वर्ष आप कितना कमाने की अपेक्षा करते हैं।

पूर्व आय की पुष्टि के लिए, इस प्रकार के कार्य में स्व-रोजगार के लिए गत 3 वर्षों की टैक्स रिटर्न लाएँ। यदि आपके पास गत 3 वर्षों की जानकारी नहीं है तो आप गत 2 वर्षों की जानकारी ला सकते हैं।

इस वर्ष जो आय आप कमाने की अपेक्षा करते हैं उसकी पुष्टि करने के लिए, अपने अकाउंटेंट या व्यवसाय प्रबन्धक से एक पत्र, वित्तीय विवरण, बजट, प्राप्तियाँ या अन्य जानकारी लाएँ जो उस धन की राशि का समर्थन करती हो जो आप कमाने की अपेक्षा करते हैं।

**यदि आप 2 वर्ष के कम समय से एक निश्चित प्रकार का स्व-रोजगार कार्य कर रहे हैं?**

आपको यह दर्शाने वाले दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी, आपकी नियुक्ति की तिथि पर, आप 2 वर्ष या अधिक से इस प्रकार का स्व-रोजगार कार्य कर रहे हैं। यदि आप गत 2 वर्षों की इस जानकारी को प्रदान करने में असफल रहते हैं तो, ऐसा माना जाता है कि आप योग्य नहीं होंगे।

यदि आप यह सोचते हैं कि मामला ऐसा हो सकता है, आपको अब भी आवेदन पर ***स्व-रोजगार से अपनी शुद्ध आय*** अवश्य शामिल करनी चाहिए। किसी भी आय को न छोड़ें। आपका नंबर लॉटरी में आ गया है इसकी खबर आने में कई माह का समय लग सकता है, इसलिए यह संभव है कि उस समय आपकी 2 वर्षों की स्व-रोजगार आय हो। नियुक्ति के लिए दस्तावेज़ ले जाना सुनिश्चित करें जो यह दर्शाता है कि आप इस प्रकार के स्व-रोजगार से पहले ही कितना कमा चुके हैं और इस वर्ष कितना कमाएँगे।

**उपयोगी शब्द**

# उपयोगी शब्द

**अन्य स्रोतों से आय:** वह आय जो आप नियमित आधार पर प्राप्त करते हैं परंतु वह नौकरी से नहीं आती है। उदाहरण के लिए, सामाजिक सुरक्षा या वेटरनों के लाभ, जन सहायता या बाल समर्थन।

**आय:** उपार्जन वेतन, भुगतान या अन्य धन जो आप प्राप्त करते हैं।

**उपहार आय:** ऐसी आय जिसे आप नियमित आधार पर किसी ऐसे व्यक्ति से प्राप्त करते हैं जो आपके साथ नहीं रहता। उदाहरण के लिए: आपके अभिभावक प्रत्येक माह आपकी उपयोगिताओं का भुगतान करते हैं अथवा कोई मित्र या संबंधी आपकी किराने या अन्य खर्चों में मदद के लिए नियमित आधार पर चेक भेजता है। उपहार आय नगद में हो सकती है परंतु नहीं होती है।

**एक-बार भुगतान:** वह आय जो पूर्व में नियमित आधार पर प्राप्त नहीं हुई और जिसे आप भविष्य में दोबारा प्राप्त करने की उम्मीद नहीं करते हैं। यह धन आय गणना में शामिल नहीं किया जाता है।

**नियमित आधार/नियमित रूप से:** यदि आप नियमित आधार पर या "नियमित रूप से" किसी स्रोत से आय प्राप्त करते हैं इसका अर्थ है आपको सतत या अपेक्षित या समय अंतराल पर भुगतान किया जाता है। वह आय जिसका भुगतान प्रतिदिन, प्रतिसप्ताह, प्रति 2 सप्ताह, महीने में दो बार, महीने में एक बार, प्रति तिमाही या प्रति वर्ष किया जाता है, नियमित आधार पर भुगतान आय के उदाहरण हैं।

**निवल आय:** आय की वह राशि जो टैक्स, खर्चे और अन्य कटौतियों के बाद प्राप्त होती हैं। निवल आय स्व-रोजगार से आय कि गणना में उपयोग की जाती है।

**पात्र/पात्रता:** आपकी आय निश्चित सीमा के बीच अवश्य आनी चाहिए और सस्ते घर के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु अन्य आवेदन आवश्यकताएँ पूरी करनी होती हैं। अन्य आवश्यकताओं में आपकी आय सिद्ध करने वाले दस्तावेज़ और सर्वाधिक ऋण और पृष्ठभूमि जांच के लिए दस्तावेज़ प्रदान करना शामिल है। यदि आप या वे लोग जिनके साथ आप रहते हैं, सभी आवश्यकताएँ पूरी करते हैं, तो आप योग्य हैं।

**पात्रता पुष्टि के लिए नियुक्ति:** आवेदन के समय सीमा के बाद, सभी आवेदनों को एक अनियमित क्रम में डाल दिया जाता है। सूची के शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए, आवेदनों की समीक्षा की जाती है और यदि वे योग्य लगते हैं, आवेदकों को स्क्रीनिंग प्रक्रिया जारी करने के लिए नियुक्ति के लिए बुलाया जाता है। यदि आपको किसी नियुक्ति के लिए आमंत्रित किया जाता है, तो आपको अपनी आय की पुष्टि करने वाले दस्तावेज़ लाने की आवश्यकता होगी।

**संपत्तियाँ:** संपत्तियाँ वे मूल्य वाली वे वस्तुएँ होती हैं जिन्हें नगद में बदला जा सकता है। एक बचत खाता नगद संपत्ति होता है। बैंक उस संपत्ति पर ब्याज का भुगतान करता है। उस संपत्ति से आय ब्याज होता है। अन्य उदाहरण: स्टॉक, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, मनी मार्केट अकाउंट। अधिक जानकारी के लिए, नीचे ***संपत्तियों से ब्याज*** देखें।

**रोज़गार से प्राप्त आय:** किसी नियोक्ता (स्वयं नहीं) के लिए आपके द्वारा किए गए कार्य से आय। सकल आय रोजगार से आय।

**वार्षिक आय:** आपने एक वर्ष में जितनी धन की राशि का भुगतान किया, रोजगार की सकल आय, स्व-रोजगार की निवल आय और अन्य स्रोतों से आय से गणना की।

**विद्यार्थी:** एक व्यक्ति जिसका एक कैलेंडर वर्ष के 5 महीनों तक पूर्ण कालिक विद्यार्थी स्टेटस (व्यक्ति के स्कूल के अनुसार) हो। 5 महीने निरंतर होने की आवश्यकता नहीं। पूर्णकालिक निर्भर विद्यार्थी की रोजगार से आय का केवल $480 आय गणना में शामिल किया जाता है।

**संपत्तियों से ब्याज:** यदि आप पात्रता पुष्टि के लिए नियुक्ति पर जाते हैं, डेवलपर या मार्केटिंग एजेंट बैंक खातों और अन्य निवेश जैसी सम्पत्तियों से आपकी ब्याज आय की गणना करेगा। यदि आपकी सभी संपत्तियों की कीमत $5000 से कम होती है, जो ब्याज वे अर्जित करेंगे आपकी आय में जोड़ दिया जाता है। यदि आपकी सभी संपत्तियों की कीमत $5000 से अधिक होती है, या तो जो ब्याज वे अर्जित करते हैं या उनके मूल्य का 0.06%, जो भी राशि अधिक हो, आपकी आय में जोड़ दिया जाता है।

**सकल आय:** आपकी वार्षिक कुल उपार्जन, वेतन, भुगतान या अन्य धन जो आप टैक्स निकालने से पहले नौकरी या अन्य स्रोत से प्राप्त करते हैं। यह आमतौर पर आपके घर में आने वाले वेतन से अधिक होता है। अधिकतर व्यक्ति अपने आवेदनों पर सकल आय का विवरण देंगे। स्व-रोजगार वाले लोग इसके बजाय स्व-रोजगार से निवल आय रिपोर्ट करते हैं।

**समसामयिक या प्रासंगिक आय:** आवर्ती आय जिसका एक सतत या अपेक्षित समय अंतराल में भुगतान नहीं किया गया। अस्थायी नौकरियाँ, मौसमी कार्य या कार्यकारी नौकरियाँ समसामयिक या प्रासंगिक आय आधार पर भुगतान आवर्ती कार्य के उदाहरण हो सकती हैं।

**सस्ता घर: निश्चित राशि के कम आय वाले लोगों के लिए** न्यू यॉर्क शहर में घर। आम तौर पर, यदि व्यक्ति किराए या घर की लागत के लिए अपनी आय का औसतन एक-तिहाई हिस्सा दे देता है तो घर को "सस्ता" कहा जाता है।

**स्वतंत्र निविदाकर्ता:** एक व्यक्ति या व्यवसाय जिसे अन्य व्यक्ति जरूरत के समय एक विशेष प्रकार के कार्य के लिए किराए पर लेते हैं। आम तौर पर उसे किराए पर बुलाने वाले निविदाकर्ता या व्यक्ति एक अनुबंध या संविदा करते हैं।

**स्व-रोज़गार से प्राप्त आय:** वह आय जो आप स्वयं का काम कर के, व्यवसाय के मालिक होकर या सेवा प्रदान करके अर्जित करते हैं। इसमें फ्रीलान्सिंग, स्वतंत्र करार करके और अन्य किराए-पर-कार्य शामिल हैं। निवल आय आवेदन पर स्व-रोजगार से आय के लिए उपयोग की जाती है। यदि एक वर्ष में आपकी निवल आय $400 या अधिक है, आपको अपने आवेदन पर यह आय अवश्य रिपोर्ट करनी चाहिए। *नोट: यदि आपका व्यवसाय एक S-कॉरपोरेशन है, अनुसूची K-1 पर रिपोर्ट की गई सकल व्यवसाय आय अर्जित सकल W-2 वेतन के अतिरिक्त प्रयोग की जाती है।*

NYC Housing Connect

www.nyc.gov/housingconnect

किफायती हाउसिंग ढूंढें और उसके लिए आवेदन करें

NYC Department of Housing Preservation & Development

NYC HDC

facebook.com/NYCHPD

@nychousing

www.nyc.gov/housingconnect
www.nyc.gov/hpd

अधिक जानकारी प्राप्त करने या ऑनलाइन आवेदन करने के लिए www.nyc.gov/housingconnect पर जाएँ।

यह दस्तावेज़ केवल जानकारी उद्देश्य के लिए है। यह किफायती आवास के लिए आवेदन नहीं है। इस दस्तावेज़ को भरने से यह गारंटी नहीं मिलती है कि आपको किफायती यूनिट प्राप्त होगा।